हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल 2026

06 राघोगढ़ में भाजपा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग...



07 जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि, 40 प्रतिशत...





## नगर के इंवेंट

### पेंशनर्स ने महंगाई राहत में असमानता पर जताया विरोध, ज्ञापन देने का निर्णय




**राघौगढ़।** पेंशनर संघ राघौगढ़ द्वारा 5 अप्रैल को मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों का पुष्पहार से स्वागत कर उन्हें सम्मान पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर नए सदस्य डॉ. ब्रज नारायण कश्यप ने संघ की सदस्यता ग्रहण की, जिनका संघ के पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।बैठक में पेंशनर्स को जनवरी 2026 से 3% महंगाई राहत (डीआर) दिए जाने के आदेश पर चर्चा की गई। संघ ने इस पर असंतोष व्यक्त किया कि शासकीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) 1 जुलाई 2025 से दिया गया है, जबकि पेंशनर्स को इसका लाभ बाद में मिल रहा है। साथ ही, डीए का भुगतान छह किस्तों में किए जाने के निर्णय पर भी नाराजगी जताई गई।इस असमानता के विरोध में संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विधायक राघौगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघौगढ़ के माध्यम से सौंपने का निर्णय लिया।बैठक में संघ के अध्यक्ष आर.बी.एस. परिहार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष बालमुकुंद वास्त्री, नरेन्द्र कुमार वास्त्री, अब्दुल सफी, महेश वर्मा, रमेश चंद सैनी, बसंती सेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### कलेक्टर द्वारा 2 आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 2 आदतन अपराधी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी किए गए हैं।जारी आदेश अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी उदयभान पुत्र बाबूलाल यादव उम्र 42 वर्ष निवासी ओखरीखेड़ा थाना बजरंगगढ़ जिला गुना को 06 माह एवं आदतन अपराधी लल्लू जाट ऊर्फ बृजभान पुत्र दर्शन सिंह जाट उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रिछैरा थाना कैंट जिला गुना को 01 वर्ष के लिए गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं।

### खाद वितरण में लापरवाही बरतने पर 4 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित एवं 27 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी


**गुना ।** जिले में खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के ई-विकास प्रणाली लागू की गई हैं। जिसके अंतर्गत डबल लॉक केन्द्र, सहकारी समिति, निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा ई-टोकन के माध्यम से ही सभी प्रकार के खाद का विक्रय किया जाना हैं। लेकिन कई विक्रेताओं द्वारा ई-विकास प्रणाली के नियमों की अनदेखी करते हुये बिना ई-टोकन के कृषकों को खाद विक्रय किया गया। आईएफएमएस एवं ई-विकास पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट में भिन्नता पाये जाने पर जिले के 27 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर स्पष्टीकरण चाहा गया था। उक्त विक्रेताओं में से 04 विक्रेताओं द्वारा उक्त आदेश की अवलेहना/स्पष्टीकरण न प्रस्तुत करने से उनके लायसेंस निलंबित कर दिये गये हैं। निलंबन की इस कार्यवाही के दायरे में मेसर्स अंसार ट्रेडर्स राघौगढ़, मेसर्स मेसर्स आरती कृषि सेवा केन्द्र कुंभराज, मेसर्स प्रियंका ट्रेडर्स बमौरी एवं मेसर्स रुचि ट्रेडर्स रुठियाई शामिल हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा भी सख्त निर्देश दिये गये है कि सभी डबल लॉक केन्द्र, सहकारी समिति, निजी उर्वरक विक्रेता केवल ई-विकास प्रणाली का उपयोग करते हुये खाद विक्रय करें एवं केन्द्रों पर आने वाले कृषकों को भी ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के बारे में अवगत कराते हुये कृषकों को ई-टोकन जारी करावें।

## भू-वैज्ञानिक करेंगे चट्टानों का सर्वे

# केदारनाथ धाम को लेकर समिति और प्रशासन के बीच चर्चा में निर्णय हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की बमौरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महोदरा स्थित प्राचीन केदारनाथ धाम मंदिर को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केदारनाथ धाम समिति एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच मंदिर परिसर की सुरक्षा और पुनः दर्शन शुरू करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। ज्ञात हो कि पिछले तीन वर्षों से मंदिर के कपाट इसलिए बंद हैं ताकि चट्टान खिसकने के डर से कोई जनहानि ना हो जाए। चट्टान में आई दरार के बाद से यहां पर श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद कर दिया गया है। निर्णय के प्रमुख पॉइंट्स मंदिर परिसर में खिसक रही चट्टानों का भू-वैज्ञानिकों द्वारा सर्वे कराया जाएगा। विशेषज्ञों की टीम वैज्ञानिक आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। रिपोर्ट के आधार पर ही मंदिर को सुरक्षित रूप से खोलने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। प्रशासन और समिति ने माना कि स्थायी समाधान केवल वैज्ञानिक पद्धति से ही संभव है।



### 3 वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए बंद

महोदरा स्थित प्राचीन केदारनाथ धाम मंदिर को पिछले 3 वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए बंद किया गया है। मंदिर के आसपास की चट्टानों के खिसकने से दुर्घटना की आशंका जताई गई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन ने दर्शन पर रोक लगा दी थी।

### जनआंदोलन और मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने मंदिर खुलवाने के लिए कई बार धरना-प्रदर्शन किए। साधु-संतों द्वारा भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए। हाल ही में क्षेत्रीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर समिति का गठन किया।

यह समिति पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बनाई गई है। इसके बाद समस्या का समाधान संभव नजर आने लगा और आगे की राह खुल गई है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए उपयुक्त तकनीकी उपाय तय किए जाएंगे।


प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जल्द दर्शन पुनः शुरू कराए जाएं।

### स्थाई और सुरक्षित समाधान

कुल मिलाकर, केदारनाथ धाम को पुनः खोलने की दिशा में अब मामला वैज्ञानिक जांच और विशेषज्ञ रिपोर्ट पर निर्भर करेगा, जिससे स्थायी और सुरक्षित समाधान निकाला जा सके।







## नगरपालिका की लापरवाही पर उठे सवाल

# नगर भवन बना कबाड़खाना नशेड़ियों का भी अड्डा बना

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के मध्य स्थित कभी शादी-विवाह और सांस्कृतिक आयोजनों की पहचान रहा नगर भवन आज बदहाली का प्रतीक बन चुका है। नगर पालिका के पास स्थित यह टाउन हॉल, जिसे लोग सम्मानपूर्वक नगर भवन के नाम से जानते थे, अब नगरपालिका के कंडम वाहनों का कबाड़खाना बनकर रह गया है।

### सांस्कृतिक धरोहर की उपेक्षा

एक समय था जब इस भवन में सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रौनक रहती थी, लेकिन आज यह स्थल अपनी पहचान खो चुका है। भवन परिसर में खड़े जर्जर वाहनों की हालत यह दर्शाती है कि लंबे समय से इनकी कोई देखरेख नहीं की गई है।

### वाहनों के पार्ट्स गायब, कबाड़ में हो रही बिक्री

स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां खड़े अधिकांश वाहनों के जरूरी पार्ट्स गायब हो चुके हैं।



आशंका जताई जा रही है कि इन पार्ट्स को धीरे-धीरे निकालकर बाजार में बेच दिया गया है, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री का कहना है कि इंजीनियर भेंजकर जांच करवाती हैं। इसके बाद हीं उचित कार्रवाई जाएगी।

### नशेड़ियों का ठिकाना

नगर भवन परिसर अब नशे के आदी युवकों का अड्डा बन चुका है। खाली और असुरक्षित पड़े वाहनों के बीच ये लोग नशा करते हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार इस पर चिंता जताई है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद नगरपालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। यह लापरवाही न केवल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि शहर की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है।

### तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर भवन परिसर से तत्काल कबाड़ वाहन हटाए जाएं परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, भवन का पुनर्विकास कर उसे फिर से सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया जाए


**चेतावनी:** जनआक्रोश बढ़ सकता है यदि शीघ्र ही इस दिशा में कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थानीय नागरिकों का आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है। प्रशासन को चाहिए कि वह समय रहते इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेकर आवश्यक कदम उठाए, अन्यथा स्थिति और बिगड़ सकती है।

### ठंडे बस्ते में गया काम्पलेक्स का प्रस्ताव

नगर भवन को डिस्मेंटल करने के बाद यहां पर एक सर्वसुविधा युक्त व्यवसायिक काम्पलेक्स के निर्माण का प्रस्ताव भी पूर्व में निर्धारित किया गया था, लेकिन यह प्रस्ताव किन वजहों से अमल में नहीं आ पाया यह अब तक किसी को समझ में नहीं आया। अगर सूत्रों के माने तो कमीशन के बंदरबांट हो लेकर आम सहमति नहीं बन पाने के चलते यह बहुउद्देशीय भवन की योजना अधर में लटक गई।

# शराब और शक के चलते दरिंदगी में बदली रिश्तों की डोर

### पति बना हैवान शराब के नशे में पत्नी पर डीजल डाल कर जिंदा जलाने की कोशिश



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

घोसीपुरा इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां आपसी विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। शराब के नशे में धुत पति ने अपनी ही पत्नी को जिंदा जलाने की कोशिश कर डाली।

जानकारी के अनुसार, घोसीपुरा निवासी पवन रजक ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी दीपा रजक पर पहले डीजल डाला और फिर आग के हवाले कर दिया। घटना में महिला 80 प्रतिशत से अधिक झुलस गई, जिसे गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से रविवार सुबह उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया।बताया जा रहा है कि दोनों की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। बताया गया है कि आरोपी पति पवन पहले रेलवे में प्राइवेट काम करता था, लेकिन बीते एक साल से बेरोजगार था। इसी दौरान उसका किसी अन्य महिला से संपर्क हो गया, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बीती रात भी इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते खौफनाक वारदात में बदल गई। महिला के परिजनों के मुताबिक वह कई दिनों से मायके में रह रही थी हाल ही में पति उसे ससुराल ले आया था कुछ वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। उसके बाद से ही दोनों पति-पत्नी में किसी न किसी बात को लेकर खटपट होने लगी थी।घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।यह घटना एक बार फिर घरेलू हिंसा की भयावह सच्चाई को उजागर करती है, जहां रिश्तों की डोर शराब और शक के चलते दरिंदगी में बदल गई। बताया गया है कि शनिवार रात भी पवन शराब पीकर घर आया। दोनों के बीच विवाद होने लगा। इसी दौरान दीपा ने अपने भाई को कॉल किया कि पवन उसके साथ मारपीट कर रहा था।उसके भाई जब तक घर पहुंचे, तब तक पवन ने डीजल डालकर अपनी पत्नी को आग लगा दी थी।इससे वह बुरी तरह झुलस गई। भाई और अन्य लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया।महिला 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलस चुकी है। रात भर इलाज के बाद रविवार सुबह डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया है।

वहीं कैंट पुलिस ने रात में ही उसके पति को पकड़ लिया। महिला के भाई पवन ने बताया कि दस साल पहले उनकी बहन की शादी पवन के साथ हुई थी। वो अक्सर शराब के नशे में मारपीट करता था। एक महीने पहले भी उसकी बहन मारपीट से परेशान हो कर मायके आ गई थी। तब पवन वहां आया और हाथ पैर जोड़कर उसे वापस ले आया था। पवन ने कहा था कि वह अब मारपीट नहीं करेगा, लेकिन कुछ दिन सब ठीक रहने के बाद फिर वही मारपीट शुरू कर दी।

# नपाध्यक्ष सविता गुप्ता की अपील भ्रष्टाचार को न पनपने दें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने प्रेस नोट जारी कर शहरवासियों से भ्रष्टाचार के खिलाफ सजग रहने और शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद गुना भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है।उन्होंने बताया कि पूर्व में भी समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रष्टाचार और दलालों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने हेतु अपना मोबाइल नंबर जारी किया गया था। अब पुनः शहर के नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध वसूली की जानकारी तुरंत दें। नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं—जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी), कुटी आवंटन, नामांतरण, भवन अनुज्ञा (निर्माण परमिशन), श्रम कार्ड, संबल कार्ड, खाद्यान्न पर्ची आदि—में यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी या अधिकृत ऑनलाइन एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग करती है, तो इसकी शिकायत की जा सकती है।उन्होंने कहा कि यदि कोई दलाल, बिचौलिया या नगर पालिका से जुड़ा कोई भी व्यक्ति अतिरिक्त राशि की मांग करता है, तो इसकी सूचना उनके मोबाइल पर अवश्य दें। ऐसी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर सहित सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।श्रीमती गुप्ता ने यह भी आश्वस्त किया कि नगरवासियों को यदि किसी वैधानिक कार्य में परेशानी आती है, तो वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, हम जनता की सेवा के लिए निर्वाचित हुए हैं और शहरवासियों की मदद करना हमारा पहला दायित्व है।



## एसपी हितिका वासल के नेतृत्व में गुना पुलिस की आधी रात बड़ी स्ट्राइक

# कॉम्बिंग गश्त अभियान में 62 वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से गुना पुलिस ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ और एक ही समय पर 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान चलाया गया। इस व्यापक सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 62 वारंटियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है, जिनमें 24 स्थाई और 38 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। अभियान की शुरुआत में सभी अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मैदान में उतारा। रात भर चली इस कार्रवाई में पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में गुंडा-बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, जिला बदर अपराधियों और इनामी बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी। थानावार कार्रवाई के आंकड़ों पर नज़र डालें तो कैंट थाने ने सर्वाधिक 10 स्थाई और 10 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े। वहीं कोतवाली पुलिस ने 3 स्थाई व 7 गिरफ्तारी, राघौगढ़ ने 1 स्थाई व 5 गिरफ्तारी, और आरोन पुलिस ने 2 स्थाई व 3 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा। इसके अलावा बमोरी, म्याना, फतेहगढ़, विजयपुर, धरनावदा, चांचौड़ा, कुम्भराज, मृगवास और जामनेर पुलिस ने भी सक्रियता दिखाते हुए वांछित अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा। एसपी हितिका वासल के इस सख्त रुख से जिले के अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और अधिक सुदृढ़ हुआ है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। पुलिस ने जनता से कानून का पालन करने की अपील करते हुए दोहराया है कि गुना पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।



### टूटा प्रेम का वादा और थम गईं सांसें, गुना के पिपरोदा खुर्द में प्रेमी ने मौत को लगाया गले

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरोदा खुर्द इलाके में रविवार की सुबह एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। कोल्हूपुरा निवासी राजेश (28), जो श्री खाटू श्याम मंदिर क्षेत्र में दुकान संचालित करता था, ने वैवाहिक बंधन में बंधने की उम्मीद टूटने के बाद यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक चले उपचार के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के छोटे भाई ने घटना के पीछे की दर्दनाक दास्तां बयां करते हुए बताया कि राजेश पिछले कई वर्षों से एक युवती के साथ प्रेम संबंध में था। दोनों ही विवाह करना चाहते थे और शुरू में लडक़ी भी इस रिश्ते के लिए तैयार थी। परिजनों ने दो-तीन बार युवती के परिवार वालों से चर्चा कर रिश्ते की बात भी चलाई, लेकिन वहां से लगातार नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती रही। भाई के अनुसार, संभवतः पारिवारिक दबाव के चलते हाल ही में युवती ने भी अचानक शादी करने से इनकार कर दिया, जिससे राजेश गहरे सदमे में चला गया था। इसी मानसिक प्रताडऩा के चलते उसने सुबह दुकान के पास ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है कि क्या युवक को आत्महत्या के लिए उकसाया गया था या यह केवल निजी हताशा का परिणाम था।

**समाचार संक्षेप**

## सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने लिया अतिरिक्त प्रभार, कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**चाचौड़ा-बीनागंज।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 2 अप्रैल 2026 को नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज में सीएमओ दिनेश कुमार सोनी द्वारा अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के समस्त स्टाफ ने साफा एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रभार ग्रहण करने के पश्चात सीएमओ श्री सोनी ने कर्मचारियों की बैठक लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू करने एवं पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 181 में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करने पर विशेष जोर दिया।बैठक के उपरांत ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय, पार्षदगण एवं सीएमओ द्वारा तालाब स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण भी किया गया, जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रह सके।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम, घर घर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाजपा के 17 जिलों के नवीन जिला कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस ऐतिहासिक अवसर पर राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे।इस कार्यक्रम को पार्टी द्वारा गुना में अंबेडकर भवन के सामने शुभ विदाई गार्डन में प्रातः ग्यारह बजे से वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया जाएगा जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है ।जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशानुसार ६ अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराकर अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे साथ ही जिले के हर बूथ पर पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।जिला एवं मंडल कार्यालयों पर विद्युत सजावट की जाएगी साथ ही पूरे सप्ताह कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# राघोगढ़ में भाजपा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़







'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के अंतर्गत राघोगढ़ विधानसभा के राघोगढ़ मंडल का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय होटल मेट्रो रिसोर्ट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता विकास और विचारधारा के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।पूर्व जिला अध्यक्ष ने लिया उद्घाटन सत्रप्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सत्र पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम पारीक द्वारा लिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।वरिष्ठ नेताओं ने दिए मार्गदर्शनकार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गोपाल पटवा, जगदीश मीणा, गिर्राज भार्गव एवं पवन जैन द्वारा विभिन्न विषयों पर सत्र लिए गए। वक्ताओं ने संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक सक्रियता और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।अध्यक्षता और संचालनकार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा ने की, जबकि संचालन कार्यालय मंत्री राजेंद्र वस्त्री द्वारा किया गया।प्रशिक्षण को बताया संगठन की आत्मावक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण किसी भी संगठन की आत्मा होता है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार ही संगठन के मार्गदर्शक हैं। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को लक्ष्य बनाकर भाजपा निरंतर कार्य कर रही है।कार्यकर्ता आधारित संगठन की पहचानवक्ताओं ने बताया कि जनसंघ के समय से ही भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन रही है, जहां अनुशासन और विचारधारा के प्रति निष्ठा ही सफलता का मूल आधार है। जनसेवा और राष्ट्रोत्थान के लिए पार्टी के पितृपुरुषों के संघर्ष को आगे बढ़ाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है।हर बूथ को मजबूत बनाने का संकल्पकार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और हर बूथ को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।आभार प्रदर्शनअंत में मंडल महामंत्री दुर्गेश शरण कोरी द्वारा सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल टोली, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत ने आंगनबाड़ी केंद्रों में किए जा रहे वॉल पेंटिंग कार्य का किया निरीक्षण

**गुना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे द्वारा आंगनबाडी केन्द्र नवीन कालोनी बजरंगगढ़ परियोजना गुना ग्रामीण में किये जा रहे वॉल पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया। ज्ञात है कि नीति आयोग के वित्तीय सहयोग से जिले में 112 आंगनबाडी केंद्रों को आंगनबाडी पाठशाला के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें आंगनबाडी केंद्रों पर बच्चों के लिये खिलौने प्रदाय किये जा रहे हैं तथा आंगनबाडी केंद्रों पर वॉल पेंटिग का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा आंगनबाडी केन्द्र पर किये जा रहे वॉल पेंटिग में बच्चों को





आर्कषित किये जाने हेतु चित्रकारी तथा पुताई का कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं बच्चों के अनुकूल किये जाने हेतु तथा आंगनबाडी केन्द्र पर पोषण वाटिका लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से सहायक संचालक दिनेश कुमार चंदेल एवं परियोजना अधिकारी गुना ग्रामीण श्रीमती दीपा शर्मा उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश जल निगम के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर में आयोजित

### गुना से भी शामिल हुए पंप ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

तीन दिवसीय वॉल्वमेन सह पंप ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 4 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 अप्रैल 2026 को प्रारंभ हुआ था।समापन समारोह में जल निगम के प्रबंधक श्री महेंद्र सिंह यादव, एमसीएम सौरभ मिश्रा, एमसीएम नितिन माथुर तथा केमिस्ट विष्णु सारस्वत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्वालियर, गुना एवं अन्य जिलों से आए पंप ऑपरेटरों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सत्रों के साथ-साथ भजन संध्या एवं योग कार्यक्रम का भी आयोजन



किया गया, जिससे प्रतिभागियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया गया।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुकेश ओझा सहित सभी पंप ऑपरेटरों ने जल निगम के पदाधिकारियों का पुष्प भेंट कर सम्मान किया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया।

## गुनावासियों से पीएनजी अपनाने की अपील, घरेलू गैस उपलब्धता सुनिश्चित करने की पहल

**गुना।** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए घरेलू गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गुना के नागरिकों से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) अपनाने का आग्रह किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अवधेश पाण्डेय ने बताया कि शहर के जिन क्षेत्रों में पीएनजी गैस पाइपलाइन का विस्तार किया जा चुका है। उन सोसायटियों एवं कॉलोनियों में पीएनजी सुविधा उपलब्ध है (गैसीफाइड एरिया), वहां के सभी रहवासियों से अपील की गई है कि वे शीघ्र ही एलपीजी गैस से पीएनजी में स्थानांतरित हो जाएं, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। श्री पाण्डेय ने यह भी जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को 90 दिनों के भीतर अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। इस अवधि में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर पीएनजी कनेक्शन प्राप्त किया जा सकता है। पीएनजी गैस के प्रमुख लाभ - पर्यावरण के अनुकूल एवं प्राकृतिक गैस, सुविधाजनक – न बुकिंग की आवश्यकता, न सिलेंडर उठाने-रखने की परेशानी, किफायती – एलपीजी की तुलना में सस्ती, उपयोग के अनुसार बिल, 24x7 निरंतर आपूर्ति, सुरक्षित – पाइपलाइन से सप्लाई, स्टोरेज की आवश्यकता नहीं, हवा से हल्की होने के कारण लीक होने पर जमाव नहीं, साथ ही कंपनी द्वारा 3 सुरक्षा वाल्व उपलब्ध।

# ग्राम जोहरी के कृषक चौपाल में नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान की विस्तार से दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में रबी वर्ष 2025-26 की फसलों की कटाई का कार्य तेजी से जारी है। कटाई के बाद कुछ किसानों द्वारा नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण, मृदा की उर्वरता में कमी, आगजनी की घटनाएं तथा आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग संजीव कुमार शर्मा तथा तहसीलदार बमौरी देवदत्त गोलिया द्वारा विकासखंड बमौरी के ग्राम जोहरी में कृषक चौपाल/संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि फसल अवशेषों को खेत में मिलाकर जैविक खाद तैयार की जा सकती है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और पोषक तत्वों में वृद्धि होती है। साथ ही, नरवाई जलाने पर लगाए जाने वाले अर्थदंड की जानकारी देते हुए किसानों से इस प्रथा को तुरंत बंद करने की अपील की गई।प्रशासन की सख्ती का असर भी देखने को मिला। कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जोहरी में नरवाई जलाने वाले 5 किसानों के खिलाफ मौके पर पंचनामा बनाकर अर्थदंड की कार्रवाई की।इसके अलावा, विकासखंड बमौरी के ग्राम ऐंदवाड़ा में भी नायब तहसीलदार द्वारा कृषक चौपाल आयोजित कर किसानों को जागरूक किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं उप संचालक कृषि द्वारा दूरभाष के माध्यम से भी किसानों को समझाइश देते हुए नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया गया।कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की जा रही है कि वे आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए ट्रैक्टर चलित स्प्रेयर पंप एवं वाटर टैंकर में पानी भरकर तैयार रखें। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में खेत के चारों ओर जुताई कर आग को फैलने से रोकने के उपाय अपनाएं।नरवाई प्रबंधन के लिए रोटावेटर, मल्चर, प्लाऊ जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करने तथा सुपर सीडर/हैप्पी सीडर के माध्यम से ग्रीष्मकालीन फसलों की बुवाई करने की सलाह दी गई है।

# आनंद ग्राम रांवसर में 88वें रविवार को गीता स्वाध्याय संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

ग्राम रांवसर में श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के मंडल रांवसर के सदस्यों द्वारा 88वें रविवार से निरंतर श्रीमद् भगवद्गीता का सामूहिक स्वाध्याय किया जा रहा है। रविवार को चतुर्दशोध्याय गुणत्रय विभागयोग के श्लोक संख्या 12 से 27वे श्लोक तक स्वाध्याय किया गया। जिसमें तीनों गुणों सत, रज तथा तम का वर्णन आया है।

सतोगुण की अभिव्यक्ति को तभी अनुभव किया जा सकता है, जब शरीर के सारे द्वार ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं इसका तात्पर्य है कि शरीर में नौ द्वार हैं-दो आँखें, दो कान, दो नथुने, मुंह, गुदा तथा उपस्थ। जब प्रत्येक द्वार सत्व के लक्षण से दीपित हो जायें, तो समझना चाहिए कि उसमें सतोगुण विकसित हो चुका है। जब रजोगुण



में वृद्धि हो जाती है, तो अत्यधिक आसक्ति, सकाम कर्म, गहन उद्यम तथा अनियंत्रित इच्छा एवं लालसा के लक्षण प्रकट होते हैं। रजोगुणी व्यक्ति कभी भी पहले से प्राप्त पद, प्रतिष्ठा, धन से संतुष्ट नहीं होता, वह अपना पद, पैसा, सुविधाएं बढ़ाने भरसक प्रयास करता है। तथा तमोगुण में वृद्धि हो जाती है तो व्यक्ति में अज्ञान, जड़ता, प्रमाद तथा मोह का प्राकट्य होता है। तमोगुणी व्यक्ति किसी नियम में बंधकर कार्य नहीं करता। वह अकारण ही अपनी सनक के अनुसार कार्य करना चाहता है।

आगे भगवान ने कहा कि जो लोग सतोगुण में मरते हैं, वे उन लोकों को जाते हैं, जहां महर्षि तथा महान भक्तगण रहते हैं। जब कोई रजोगुण में मरता है, तो वह सकाम कर्मियों के बीच में जन्म ग्रहण करता है और जब कोई तमोगुण में मरता है तो वह पशु योनि में जन्म धारण करता है। इस अवसर पर गीता प्रेमी मंडलसिंह यादव, वीरसिंह यादव, राजकुमार सिंह यादव, बलवीर सिंह यादव, रघुराजसिंह, दिनेशबाबू मीना सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# चंदेरी सिविल अस्पताल वर्तमान स्थल पर ही बनेगा: केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय संचार तथा पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिला कलेक्ट्रेट में दिशा की मीटिंग के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह निर्णय सुनाया कि, चंदेरी का 30 से 50 बिस्तर उन्नयन होने वाला सिविल अस्पताल वर्तमान स्थल पर ही बनाया जाएगा। इस प्रकार का निर्णय हमने लिया है।

सिंधिया ने आगे बोलते हुए यह बताया कि, वर्तमान स्थल शहर के बीचो-बीच है और स्थल उपयुक्त है, इसी वर्तमान स्थल पर ही अस्पताल का विकेंद्रीकरण, सुद्धणीकरण एवं विस्तार किया जाएगा, जिसका प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया गया है,जिसकी स्वीकृति मिलने के पश्चात निर्माण प्रारंभ किया जावेगा। सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा लिए गए इस निर्णय पर चंदेरी के आम नागरिक, महिला मंडल, समाजसेवी, वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों, मीडिया संघ, अभिभाषक संघ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है और सिंधिया के इस निर्णय को जनहितकारी और सर्वव्यापक हित के लिए माना है, और सांसद सिंधिया को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया है।

**3 जनवरी 2019 में स्वीकृत-** चंदेरी के 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तर उन्नयन अस्पताल रूप में सिविल अस्पताल का दर्जा देकर मध्य प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इआदेश 3 जनवरी 2019 को जारी किया था। स्वीकृति क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा दिलवाई गई थी।

### पिछले साल का मामला अभी अटका, कैसे होगा उर्पाजन कार्य?

# वेयर हाउस प्रबंधक के कार्यों की जांच में लापरवाही के बाद भी नहीं कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

स्थानीय वेयरहाउस प्रबंधक उदयसिंह राजपूत के विरूद्ध उर्पाजन के कार्यों की जांच के एक साल बाद भी अनियमित्ताओं के बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यह जांच एक अधिकारियों की समिति से कराई गई थी, जिसमें व्यापक अनियमित्ताएं पाई गई थीं उन अनियमित्ताओं के बाद तत्कालीन कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा प्रबंधक संचालक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग भोपाल को कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया था, लेकिन अभी तक पिछली अनियमित्ताओं पर कोई कार्यवाही नहीं हुई अगर आगे अनियमित्ताएं हुईं तो कौन जिम्मेदार होगा।

पिछली 26 मई को खाद्य विभाग द्वारा जिला उर्पाजन समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें 11 मई को क्रांति स्व सहायता समूह द्वारा गेहूं उपार्जन केन्द्र विकास वेयरहाउस शहवाजपुर की जांच के संबंध में चर्चा की गई थी। विकास वेयर हाऊस पर भौतिक सत्यापन में 68571 वेयर गेहूँ रखा हुआ पाया जिसमें से 806.34 क्विटल गेहूँ एफसीआई में जमा किया गया है। उपार्जन पोर्टल रिपोर्ट अनुसार 35296.13 क्विटल खरीदी हुई है एवं इतनी ही मात्रा रेडी टू ट्रासंपोर्ट हुई है 35089.50 क्विटल मात्रा स्वीकृत मात्रा स्वीकृत हो चुकी है 34285.50 क्विटल वेयर हाऊस में मौजूद है एवं 806.34 किवटल एफसीआई में जमा किया गया दोनों की कुल मात्रा 35091.84 क्विटल होती है कुल 204.29 क्विटल गेहूँ मोके पर नही पाया गया था। जिसके संबंध में वेयर हाऊस प्रबंधक द्वारा दिये गये कथन में दिनांक 07.05.2025 को उदयसिंह राजपूत प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी अशोकनगर भी उपस्थित थे उस दिन की गई गणना में 203 क्विटल गेहूँ का अंतर पाया गया था। दिनांक 07.05.2025 को उक्त अंतर की जानकारी राजपूत को थी किंतु उनके द्वारा वरिष्ठ कार्यालय एवं जिला उपार्जन समिति को इसकी सूचना नहीं दी गई।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र क्रमांक/स्टेनो/एस.डी.एम./2025/416 अशोकनगर दिनांक 12.05.2025 दिया गया था जिसका जबाब उनके द्वारा दिनांक 13.05.2025 को दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा राजपूत के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु नस्ती अनुशंसा सहित जिला उपार्जन समिति को प्रेषित की गई।

## 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत नब्बो और नर्मदी पुत्र बृजभान अहिरवार उम्र 16 साल निवासी ग्राम बम्मन खिरिया ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध शराब के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम तारई निवासी बृजेश कटारिया के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने राधाबाई चंदेल निवासी मरघट शाला के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

# राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद गौमाता के लिए रख रही है पानी की टंकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जब आसमान से आग बरस रही हो, ज़मीन तप रही हो और हर जीव पानी के लिए तड़प रहा हो ऐसे कठिन समय में राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद एक संकल्प बनकर उभरा है। कोई गौमाता प्यास से व्याकुल नहीं रहेगी। इसी लक्ष्य के साथ परिषद के सेवक दिन-रात सड़कों, गलियों और खुले स्थानों पर पानी की टांकियां रख रहे हैं और उन्हें लगातार भर भी रहे हैं। जहां एक ओर लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में कैद हैं, वहीं दूसरी ओर परिषद के कार्यकर्ता तपती धूप में निकलकर बेजुबान गौमाताओं के लिए जीवन का सहारा बन रहे हैं। यह सिर्फ सेवा नहीं बल्कि सच्ची मानवता और धर्म का उदाहरण है। हर भरी हुई टंकी एक संदेश दे रही है अगर इंसान ठान ले, तो कोई भी जीव प्यासा नहीं





रहेगा। इस अभियान से न सिर्फ गौमाताओं को राहत मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा और संवेदना की एक नई लहर भी पैदा हो रही है। अब आम लोग भी आगे आकर इस पुण्य कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अपने घर, दुकान या मोहल्ले के बाहर एक पानी का बर्तन जरूर रखें क्योंकि सेवा का सबसे छोटा कदम भी किसी के लिए जीवन बन सकता है। परिषद संस्थापक अभिषेक मोहरी, सचिव सुमित ओझा, राजदीप यादव, कपिल केवट, रोहित अहिरवार, आदि सदस्य रहे।

# जागेश्वरी देवी के मेले में बीती रात बुंदेली राई की महफिल जमीं

### जहां लोकगीतों के इस कार्यक्रम में दर्शकों का भरपूर मनोरजंन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी के ऐतिहासिक मेला ग्राउंड में चल रहे भव्य मेले का समापन 5 अप्रैल को गया। समापन की पूर्व संध्या पर शनिवार, 4 अप्रैल की रात बुंदेली संस्कृति की झलक देखने को मिली, जहाँ जवाबी राई लोकगीत के कार्यक्रम ने दर्शकों को बांधे रखा।

**जितेंद्र और ज्योति के बीच रही कांटे की टक्कर-** कार्यक्रम में बुंदेली लोक गायक जितेंद्र सिंह यादव और सुप्रसिद्ध गायिका ज्योति कुशवाहा के बीच जवाबी राई का मुकाबला हुआ। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक बुंदेली गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने रात के सन्नाटे में भी समां बांध दिया। कार्यक्रम में






चार कुशल नृत्यांगनाओं ने अपने पारंपरिक नृत्य से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात लगभग 2:30 बजे तक अनवरत चलता रहा।

**भीड़ कम होने से दुकानदारों में मायूसी-** एक ओर जहाँ कलाकार अपनी कला बिखेर रहे थे, वहीं दूसरी ओर मेले का आर्थिक पक्ष थोड़ा फीका नजर आया। कार्यक्रम के दौरान उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटी, जिससे स्थानीय दुकानदारों के चेहरों पर मायूसी देखी गई।

# जिला प्रशासन कर रहा संविधान का उल्लंघन, नपा प्रतिपक्ष का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

संसदीय क्षेत्र में तमाम समस्याएं हैं, पानी, सड़क, ट्रैन कनेक्टिविटी, बेरोजगारी, काम मे देरी, भ्रष्टाचार आदि लेकिन भाजपा नेता क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को समस्याओं से अवगत कराने की अपेक्षा माल्यार्पण स्वागत चरण वंदन में लगे हुए हैं। चापलूसी की पराकाष्ठा तो तब हो गयी जब जिला प्रशासन की ओर से भी अपने आमंत्रण पत्र में सांसद को श्रीमंत महाराज की उपाधि से संबोधित किया गया। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन आज़ाद द्वारा इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कर विरोध जताया गया है और प्रशासन की इस हरकत को चापलूसी करार देते हुए संविधान के अनुच्छेद 363 का उल्लंघन बताया है। उन्होंने बताया कि 1971 में संविधान में 26वां संशोधन के माध्यम से अनुच्छेद



//आमंत्रण-पत्र//

मान्यवर श्री ..........................................

माननीय श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य में अनुभाग अशोकनगर अंतर्गत निम्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

| क्र. | दिनांक | समय | स्थान | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.04.26 | प्रातः 11 बजे | कजराई | पंचायत भवन का लोकार्पण |
| 2 | 04.04.26 | प्रातः 10:45 | शा.पी.एम.श्री मा.वि. कचनार | स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम |
| 3 | 04.04.26 | दोप. 03:20 | भीमानजी का चबूतरा, अशोकनगर | समस्त विभागों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण |
| 4 | 04.04.26 | शाम 05:40 | तहसील भवन, अशोकनगर | रिबिन कटिंग |
| 5 | 05.04.26 | प्रातः 11:40 | जनपद परिसर, अशोकनगर | हितग्राही सम्मेलन |

जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं, कृपया समय पर पधारकर अनुग्रहीत करने का कष्ट करें।

प्रेषक
अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग अशोकनगर

363। जोड़ा गया था। इसका उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों को समानता के अधिकार के तहत महाराज, श्रीमंत, राजप्रमुख जैसे शाही उपाधियों को आधिकारिक रूप से समाप्त करना था।

## खबर संक्षेप

### उत्तर पुस्तिकाओं का रविवार को 100 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा हुआ

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा था जो 5 अप्रेल को पूरा हो गया है। 100 प्रतिशत मूल्यांकन पूर्ण होने की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल को दी गई है। मूल्यांकन अधिकारी बीके बामोरिया ने बताया कि अशोकनगर जिला मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय पर 87285 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आईं थीं। इन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य निरंतर किया जा रहा था, 5 अप्रेल को 54 परीक्षको की उपस्थिति में मूल्यांकन का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, जिसमें अंग्रेजी और संस्कृत की सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाएं 14400 प्रत्येक विषय के रूप में मूल्यांकन के लिए आई थीं इनके अलावा अन्य विषयों की भी उत्तर पुस्तिकाएं थीं। इस प्रकार हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा की 45156 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई थीं, इन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। जिनमें सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाएं अंग्रेजी विषय की 10800 उत्तर पुस्तिकाएं थीं।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत।

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई निवासी गोलू पुत्र दिना चंदेल उम्र 24 साल ने अज्ञात कारणों के चलते देवेन्द्र रघुवंशी की खेत की मेढ़ के पास जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था जहां उसकी मौत हो गई।

## एसडीएम और राजस्व अधिकारी खेतों में पहुंचे

# जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि, 40 प्रतिशत तक नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

षनिवार रात को जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि हुई। इस ओलावृष्टि से बहादुरपुर तहसील एवं अषोकनगर तहसील का कचनार-राजपुर क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। ओलावृष्टि से पहले देर षाम को बादल गहरा गए थे। काफी देर तक बादल गरजे, बिजली कौंधती रही, इसके बाद तेज बौछारों के साथ पानी बरसने लगा। पानी के साथ ओले गिरे तो कई गांवों के किसान रो पड़े। जसैया निवासी राजभान सिंह यादव ने बताया कि गेंहू की फसल पूरी तरह से पककर तैयार है। हार्वेस्टर न मिलने के कारण काटने में देरी हो रही थी, इसी बीच ओलावृष्टि हो गई। इससे कहीं-कहीं तो 40 प्रतिषत तक नुकसान हो गया। गेंहू की बाली टूटकर जमीन पर आ गिरी, तेज हवाओं के चलने से फसल आड़ी होकर खेतों में बिछ गई। रविवार सुबह एसडीएम मुंगावली इसरार खान, राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण अहिरवार, हल्का पटवारी सुरेष बैरागी जसैया गांव में पहुंचे थे। जहां उन्होंने खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

### दमदमा-मोलाडैम में बिछ गई सफेद चादर

बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के दमदमा और मोलाडैम गांवों में ओलावृष्टि से सफेद सी चादर जमीन पर बिछ गई। दमदमा के किसान संतोष गुर्जर ने बताया कि अधिकांष फसलें काटी जा चुकी हैं लेकिन जिन फसलों की बोवनी देरी से हुई थी, उन खेतों में अभी भी गेंहू खड़ा है। ओलों के बरसने से इन खेतों में ही सर्वाधिक नुकसान हुआ है। बताया गया है कि इस क्षेत्र के टीटौर, जसैया, बांसखेड़ी, फुटेरा, जमुनिया, दमदमा, मोलाडैम, गोरा, गदूली, कुम्हर्रा, खोपरा, सोपरा, बर्री गांवों में ओलावृष्टि हुई है। वहीं राजपुर-कचनार क्षेत्र के बामौरा गांव में भी ओलावृष्टि के समाचार हैं।

### खेतों में बिछ गई सोने जैसी फसल

बर्री के किसान जगन्नाथ ओझा ने बताया कि फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन इस बेमौसम मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ओलावृष्टि से फसलों के दाने झड़ गए हैं और गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बेर के आकार के गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी और कटकर रखी हुई फसलों को जमीन पर बिछा दिया है।

### शहर में टंडक, पर दो दिन अभी और भारी

जिला मुख्यालय पर भी देर रात तक रुक-रुक कर मध्यम बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार सुबह हालांकि धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी ने धुकधुकी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि अगले 48 घंटों तक जिले में बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा।

### प्रशासन से मुआवजे की आस

फसलों की बर्बादी देख किसान अब सरकार और प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। प्रभावित गांवों के किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में कुछ सहारा मिल सके। दूसरी ओर प्रषासन की ओर से पटवारियों ने भी रविवार सुबह ही कई गांवों में पहुंचकर नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है।

**आंकलन किया है**


हमने आज ओलावृष्टि से प्रभावित सभी गांवों में नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है। जिसमें 6-7 गांवों में गेंहू की फसल आंषिक तौर पर प्रभावित हुई है। एक-दो दिन में पटवारियों द्वारा रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी तैयारी की जाएगी।


**अंजनि कुमार चैधरी**, प्रभारी तहसीलदार, बहादुरपुर

## दूसरी बाईक पर बैठे 3 युवक घायल

# ट्रैक्टर ने दो बाईकों में टक्कर मारी, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर एक ट्रेक्टर चालक ने रास्ते से गुजर रही दो अलग अलग बाईकों में टक्कर मार दी। इस घटना में पहली बाईक चालक की मौत हो गई जबकि दूसरी बाईक पर बैठे 3 युवक घायल हो गए।

घटना के बार में बताया गया है कि सड़क मार्ग से गुजर रहे एक ट्रेक्टर चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाईक चला रहे 18 वर्षीय बेंहटा निवासी बिन्दराजा पुत्र घुमान अहिरवार को उस समय टक्कर मार दी जब वह पीलीघटा से चक्की पर आटा लेने जा रहा था। बाईक पर एक बच्चा राजवीर भी बैठा हुआ था। इस घटना के दौरान ट्रेक्टर चालक ने बाईक को टक्कर मार दी, इस घटना में बिन्दराजा अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के शव को रविवार को शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम किया गया। ट्रेक्टर चालक ने इसी मार्ग पर एक दूसरी बाईक को टक्कर मारी दी, यह बाईक चालक गुना से अपने 2 साथियों के साथ घर वापिस लौट रहा था। ट्रेक्टर की टक्कर से बाईक पर बैठे तीनों युवक घायल हो गए। घायलों में ग्राम ठेका निवासी आयुष पुत्र सोवरन सिंह उम्र 24 साल, सारसखेडी निवासी कृष्णभान पुत्र गुमान सिंह उम्र 25 साल और भादौन निवासी अजय पुत्र इन्दर सिंह यादव उम्र 26 साल शामिल है। तीनों घायलों को शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### टेकरी धाम पर गले से सोने की चैन खींचकर भागा चोर



**शाढ़ौरा।** शाढ़ौरा में टेकरी धाम पर भंडारे के लिए विक्की श्रीवास्तव निवासी गुना विगत दिवस 3 अप्रैल को शाढ़ौरा की टेकरी सरकार के मंदिर में दोपहर के समय अपने मामा द्वारा आयोजित भंडारे में आई हुई थी। भंडारे में भीड़ भाड बहुत थी। तभी किसी ने अचानक उनके गले से सोने की चैन चोरी कर ली। कुछ देर में उनके साथ हुई घटना समझ में आई उन्होने अपने गले में पहने हुए चैन की ओर देखा तो गले से सोने की चेन गायब थी। इसके बाद चोर की भी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली, इसके तुरंत बाद थाने में आवेदन देकर सूचना दी। जिसके बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पिछले 14 दिनों से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, गंदगी का लगा अंबार

## कर्मचारियों और प्रशासन के बीच गतिरोध दूर करने के प्रयास नहीं हुए



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद चंदेरी में पिछले 14 दिनों से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपनी मांगों पर अड़े कर्मचारियों और प्रशासन के बीच गतिरोध कम होने के बजाय और गहराता जा रहा है। अब इस मामले में भीम आर्मी की एंट्री और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कड़े रुख ने प्रशासन को हाई अलर्ट पर ला दिया है।

### शहर में बढ़ा बीमारियों का खतरा बदबू से आमजन बेहाल

हड़ताल के कारण पूरे नगर में गंदगी के ढेर लग गए हैं। हवा में फैलती दुर्गंध और नालियों के जाम होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, प्रशासन कुछ वैकल्पिक कर्मचारियों के जरिए मुख्य मार्गों की सफाई करवा रहा है, लेकिन यह प्रयास ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं।

### भीम आर्मी का तालाबंदी का ऐलान, प्रशासन की दो टूक

सफाई कर्मियों के समर्थन में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने सोमवार को नगर पालिका घेराव और तालाबंदी का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस संदेश के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। सीएमओ प्रदीप शर्मा ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर और एसपी को भी सूचित कर दिया गया है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का सख्त रुख

सूत्रों के अनुसार, दिशा की बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी की बिगड़ती सफाई व्यवस्था पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस तरह की बार-बार होने वाली हड़तालें शहर के विकास और स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन को स्थिति से निपटने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### नगर पालिका सेवा नियम क्या कहता है कानून?

नपा अधिनियम की धारा 87 और 88 के तहत गठित राज्य नगरीय स्वच्छता सेवा के सदस्यों पर शासकीय सेवकों वाले नियम लागू होते हैं। इसमें स्पष्ट है कि सेवा शर्तों, आचरण और विभागीय अनुशासन के मामले में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियम सर्वोपरि हैं, जिनका उल्लंघन अनुशासनात्मक कार्रवाई का आधार बन सकता है।

**कार्रवाई की जाएगी**

सफाई कर्मियों की मांगों से शासन को अवगत कराया जा चुका है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या शासकीय कार्य में अड़ंगा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल तैनात रहेगा।


**मनीष धनगर**, एसडीएम, चंदेरी

कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। स्थिति का आकलन कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**राजीव कुमार मिश्रा**, पुलिस अधीक्षक, अशोकनगर

## बड़े बाबा का अभिषेक और शांतिधारा

# मुनि श्री दुर्लभ सागर का भियादांत में भव्य मंगल प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम शिष्य एवं शिक्षा प्रदाता परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम शिष्य, महातपस्वी महायोगी मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र भियादांत में बडे बाबा का अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुंगावली, चंदेरी एवं जिले के विभिन्न नगरों से पधारे श्रावक-श्राविकाओं ने अभिषेक और शांतिधारा में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। इसके पश्चात आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सुंदर सुसज्जित अष्टद्रव्य संगीत मय पूजन आचार्य श्री से दीक्षित दीदियों द्वारा अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न की गई। पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण हो गया। अपने मंगल आशीर्वचन में मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने कहा कि यह अत्यंत मनोहारी और दुर्लभ प्रतिमा इस शांत एवं निरंजन स्थान पर विराजमान है। इसकी केश विन्यास शैली अत्यंत अद्भुत है और इसकी तुलना लंदन के संग्रहालय में स्थित भगवान की प्रतिमा से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को अपने जीवन के संताप दूर करने हों तो माह की अमावस्या के दिन श्रद्धापूर्वक श्रीफल चढ़ाकर निवेदन करें, उनकी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और दुख-संताप दूर हो जाते हैं।

मुनि श्री ने चंदेरी जैन समाज को संदेश देते हुए कहा कि भियादांत जी को अपना इष्ट देव मानें। जब समाज इन्हें अपना इष्ट देव मानकर श्रद्धा रखेगा, तब समाज में सुख-समृद्धि और संपन्नता का विस्तार होगा। उन्होंने "भियादांत" शब्द का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा भ से भय दूर होता है,य से यातनाएँ समाप्त होती हैं,द से दरिद्रता दूर होती है, त से संताप और ताप मिट जाते हैं।

# हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

## संवाद कर शासन की योजनाओं से अवगत कराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर विधानसभा के जनपद मैदान में आयोजित विशाल हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने हजारों हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन जनविश्वास और सहभागिता का प्रतीक बन गया। इस दौरान उन्होंने 3 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

### आवास, आजीविका और सम्मान का सशक्त आधार

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत 7,317 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 4,139 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष आवास निर्माणाधीन हैं। साथ ही मार्च 2026 में 5,534 नए आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1,733 हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। इस अवसर पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 8 स्व-सहायता समूहों को 27 लाख की सीसीएल राशि वितरित की गई, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा मिलेगी।

### दिव्यांगजन सशक्तिकरण और जनसेवा की प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि अशोकनगर जिले में 1,456 दिव्यांगजनों को 5,172 सहायक उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में यह संख्या 8,640 लाभार्थियों तक पहुंच चुकी है, जिन्हें लगभग 7 करोड़ मूल्य के उपकरण वितरित किए गए हैं। यह पहल केवल सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अशोकनगर को मिली विकास कार्यों की नई गति

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर लगभग 70 लाख की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 2 करोड़ 55 लाख की लागत से 15 कार्यों का लोकार्पण किया गया। ये कार्य क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## ब्राह्मण समाज की हुई बैठक

# 19 को निकलेगी भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा



**अशोकनगर।** स्थानीय परशुराम मंदिर सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई यह बैठक शाम 4 बजे प्रारंभ हुई जिसमें सर्वसम्मति से 19 अप्रेल को विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

इसको लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। मीटिंग में 19 तारीख को प्रातः 8:00 बजे निकलने वाली भव्य यात्रा में सभी लोग से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने का आवाहन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चैधरी ने ब्राह्मण समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सह परिवार इस शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। साथ ही विभिन्न युवाओं ने भी अपने-अपने सुझाव दिए।

## 950 में से 280 आवेदनों का मौके पर ही किया निराकरण

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जन सुनवाई के माध्यम से सीधे आमजनों से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं पिपरई और कचनार के बाद अब ईसागढ में जन सुनवाई का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। इस दौरान 950 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें 280 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

### टोकन प्रणाली से सुव्यवस्थित जनसुनवाई

कार्यक्रम के दौरान टोकन प्रणाली के माध्यम से आवेदनों का क्रमबद्ध पंजीकरण किया गया, जिससे प्रत्येक आवेदक को व्यवस्थित तरीके से अपनी बात रखने का अवसर मिला। लम्बित मामलों की ऑनलाइन ट्रैकिंग की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर मामले का निराकरण हो और जिसका न हो उसका कारण प्रस्तुत किया जाए।

### आवेदकों की समस्याएं अधिक निराकरण कम

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन सुनवाई कार्यक्रम में इतने बड़े पैमाने पर आवेदकों की समस्याएं आ रही हैं कि उनकी समस्याओं का निराकरण उस पैमाने पर नहीं हो पा रहा है। ईसागढ को ही देखिए जहां इतनी बड़ी संख्या में आवेदक आए और



निराकरण न के बराबर हुआ। यही स्थिति पिपरई और कचनार में रही, यहां भी आवेदक बड़ी संख्या में पहुंचे और समस्याओं का निराकरण कम संख्या में हुआ, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आम आदमी के समस्याएं कितनी हैं, जिसे देखो वहीं समस्या से घिरा है लेकिन उसका निराकरण न तो अधिकारिक स्तर पर हो रहा है और न ही राजनैतिक स्तर पर हो रहा है। आवेदक पूरे दिन अपनी समस्या का हल होगा इस आशा से कतार में खड़े रहते हैं लेकिन उनकी समस्या को लेकर दरियादिली सामने नहीं आ रही है, चाहे वह मुख्यमंत्री जन सुनवाई का कार्यक्रम हो या फिर सिंधिया के स्तर पर होने वाली जनसुनवाई का आयोजन हो, आवेदकों को निराशा ही हाथ लग रही है।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने फूंक बावडी एवं किले का किया निरीक्षण

शासन के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में अभियान के क्रियान्वयन हेतु केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को ईसागढ़ की प्राचीन फूंक बावडी एवं किले पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये गये, साफ सफाई कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने नगर परिषद को आश्स्वत किया कि इस सुंदर बावडी का सत्यापन और निरीक्षण भारत सरकार की टीम द्वारा कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्राचीन धरोहरों को चंदेरी की तरह ईसागढ़ में भी संवारा जायेगा।

### नरसिंहगढ़ में विद्यार्थियों को सिखाया समय प्रबंधन और अनुशासन का महत्व

# 'भविष्य से भेंट': एसडीएम ने स्कूली विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

स्थानीय सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में एसडीएम सुशील कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों की क्लास ली, बल्कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी मूलभूत सिद्धांतों पर भी विस्तार से चर्चा की। पीपीटी के जरिए समझाया सफलता का मार्ग एसडीएम सुशील कुमार ने आधुनिक तकनीक (पीपीटी) का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को एकाग्रता और लक्ष्य निर्धारण के गुर सिखाए। उन्होंने मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर जोर दियाः अनुशासनः सफलता की पहली सीढ़ी स्वयं पर नियंत्रण है। समय प्रबंधनः समय का




सही सदुपयोग ही प्रतियोगी परीक्षाओं में जीत दिलाता है। संवेदनशीलताः अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा सजग और संवेदनशील रहें। कॅरियर काउंसलिंग और नैतिक शिक्षा सत्र के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं और 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए नैतिक दायित्वों का पालन करना भी अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और सफलता मिलने तक निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन ही वह कुंजी है, जो उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलती है। सुशील कुमार, एसडीएम इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजादित्य सक्सेना, समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ओम शांति महिला मंडल ने मेहंदी और रंगोली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा का आयोजन महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए परामर्शदाताओं द्वारा विभिन्न सैद्धांतिक विषयों पर मार्गदर्शन किया। परामर्शदाता हरिओम जाटव ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी है ' उन्होंने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जल स्रोतों के प्रति हमारी कृतज्ञता और भविष्य को सुरक्षित करने का एक जन-आंदोलन है।



### 15 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

# मंसूरी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 58 जोड़े बने हमसफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम मऊ में मंसूरी समाज का वैवाहिक सामूहिक सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें समाज के करीब 58 जोड़ों का निकाह कुबूल किया गया। अमजेरी मंसूरी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस शादी सम्मेलन कार्यक्रम मे समाजजनों ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की थी। सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुबारिक मंसूरी, फिरोज मंसूरी ठेकेदार एवं मऊ सरपंच रईस मंसूरी ने बताया कि शादी समारोह में अलग-अलग खर्च होने वाली फिजुल खर्ची को रोकने के लिए समाज के द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज को अनावश्यक खर्च से बचाते हुए आपसी तालमेल और एकता भाईचारा पैदा करना है। हमारी तैयारियों में सभी युवा, वरिष्ठ समाजजन सहयोग करते हुए सम्मेलन को सफल बनाया है। कमेटी ने बताया कि 58 से ज्यादा जोड़ो का निकाह इस्लामिक तरीके से संपन्न किया और समारोह में 5 जिलो के करीब 10 से 15 हजार समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान निकाह कराते हुए मौलाना इरफान अजीज, हाफिज अखलाक, मौलाना इमरान आदि ने शादी बंधन में बंधे समाज के 58 जोड़ो समझाइश देते हुए कहा की मियां-बीवी के बीच पूर सुकून माहौल होना चाहिए, जो आपसी भरोसे और समझ के बिना मुमकिन नहीं है।

### उपचार वातावरण होगा अधिक अनुकूल

# जिला अस्पताल के सभी वार्डों में प्रशासन ने लगवाए एसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के सतत प्रयासों से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। अस्पताल के सभी 19 वार्डों को वातानुकूलित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे मरीजों को अब बेहतर एवं अनुकूल उपचार वातावरण प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 50 एयर कंडीशनर क्रय किए जा रहे हैं, जिन्हें अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्थापित किया जाएगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत प्रदान करेगी तथा नियंत्रित तापमान के कारण मरीजों की रिकवरी में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वार्डों में तापमान नियंत्रण की आधुनिक



व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संक्रमण के जोखिम में कमी आएगी तथा मरीजों को आरामदायक वातावरण मिलेगा। अस्पताल के विभिन्न वार्डों जैसे मेडिसिन, सर्जिकल, पीडियाट्रिक, आईसीयू सहित अन्य विभागों में एसी स्थापित किए जाने से सभी वर्ग के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही नवजात एवं गंभीर रोगियों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल

# रेसाई बांध परियोजना की अधिग्रहित भूमि से रात में अवैध मिट्टी उत्खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रेसाई बांध परियोजना के अंतर्गत ग्राम पीलूखेड़ी एवं तुर्कीपुरा की अधिग्रहित भूमि से रात के समय बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी निकाले जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, लगभग 10 से 12 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश शासन द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से इस भूमि का अधिग्रहण किया गया था, जिसका मुआवजा भी किसानों को 2 से 3 वर्ष पूर्व दिया जा चुका है। इसके बावजूद, सूत्रों के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा किसानों से एग्रीमेंट कर रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक जेसीबी मशीनों से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। खुदाई की गई मिट्टी को ट्रैक्टर एवं डंपर के माध्यम से सीहोर, शाजापुर एवं राजगढ़ जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह मिट्टी विशेष रूप से ईंट निर्माण कार्य में उपयोग के लिए सप्लाई की जा रही है। अवैध परिवहन का यह सिलसिला नेशनल हाईवे के साथ-साथ नगर के मुख्य मार्ग एवं बायपास से भी जारी है। हैरानी की बात यह है कि जिन मार्गों से यह परिवहन हो रहा है, वहीं पुलिस एवं राजस्व विभाग की नियमित गश्त भी रहती है, इसके बावजूद पूरी रात चलने वाले इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही खुदाई के कारण कई स्थानों पर जमीन करीब 60 फीट तक गहरी खोदी जा चुकी है। इसके चलते न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान हो रहा है, बल्कि भविष्य में सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि या तो प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानकारी होने के बावजूद अनदेखी की जा रही है। मामले को लेकर एसडीएम सुशील कुमार एवं कार्यपालिका तहसीलदार विराट अवस्थी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

**इनका कहना:**

यदि इस प्रकार का अवैध उत्खनन हो रहा है, तो संयुक्त टीम बनाकर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सुनीता कुमारी, नायब तहसीलदार, कुरावर**

# सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ वर्षों पुराने गड्ढों से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित पंडितवाड़ी क्षेत्र में वर्षों से जर्जर सड़क और गड्ढों की समस्या से जूझ रहे रहवासियों को अब राहत मिलने जा रही है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने विधिवत भूमि पूजन कर सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद गोपाल पाल,संतोष सोनी,संजय शर्मा ,अप्पू अनिल रुण्डवाल, सत्तू सोनी सहित नपा कर्मी गोकुल पुष्पद गौरव शर्मा वार्डवासी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद कार्य प्रारंभ होते ही वार्ड में उत्साह का माहौल देखा गया। लंबे समय से खराब सड़क के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती थी। अब सीसी सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वार्ड की स्वच्छता और सौंदर्य में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराया जाएगा।

# राजगढ़ के शायर सत्येंद्र भारिल्ल को मिला 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के ख्यात ग़ज़लकार सत्येंद्र भारिल्ल को राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एक ऑडिटोरियम में आयोजित 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे में देश के उभरते शायर के रूप में शंकर-शाद विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह गरिमामय आयोजन गत दिवस आयोजित हुआ जिसमे देश-विदेश के चुनिंदा शायरों और साहित्यप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए देशभर के 500 से अधिक शायरों में से श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया गया, जिसमें सत्येंद्र भारिल्ल को यह सम्मान प्राप्त होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। समारोह के दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध फिल्म लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर, ख्यात शायर वसीम बरेलवी, शीन काफ़ निज़ाम तथा डीसीएम श्रीराम समूह के प्रबंध निदेशक माधव श्रीराम सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर उर्दू अदब की दुनिया के कई प्रतिष्ठित नामों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

इनमें इक़बाल अशहर, अज़हर इक़बाल, शकील आज़मी, राजेश रेड्डी, शबीना अदीब, हिना रिज़वी, सैफ़ निज़ामी, जुबेर अली ताबिश, तंज़-ओ-मिज़ाह के शायर श्री तंग तथा लंदन से पधारे शायर हिलाल फरीद प्रमुख रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोताओं ने शिरकत कर मुशायरे का आनंद लिया। सत्येंद्र भारिल्ल की इस उपलब्धि से राजगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। साहित्यिक जगत ने सफलता को नई पीढ़ी के शायरों का प्रेरणास्त्रोत बताया है।

# सेन जयंती पर खुजनेर में निकलेगा चल समारोह, विधायक को दिया निमंत्रण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर में सर्व सेन समाज एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और क्षेत्र के आसपास गांवों में घर-घर जाकर समाजबंधुओं को निमंत्रण दिया जा रहा है।इसी क्रम में समाजजनों ने राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है समिति द्वारा सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### भारतीय सेना में 24 साल सेवा देने बाद घर वापसी

# सेना से सेवानिवृत्त हवलदार सौलंकी का नगर से निकलते समय किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भारतीय सेना से 24 वर्षों की सेवा देने के बाद हवलदार की रैंक से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव देवरी लौट रहे कमल सिंह सोलंकी का नगर में स्वागत किया। नगर की सीमा में आगमन पर डीजे और वीर सैनिक के गगनभेदी नारों के साथ भव्य स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्ग से खिलचीपुर नाका इंदर चौराहा माचलपुर होते हुए जुलूस के रूप में लाया गया, जहां पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी , पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, कुशाल मंडलोई सहित जनप्रतिनिधियों ने खिलचीपुर नाका पर पहुंचकर गर्म जोशी से फौजी का स्वागत किया! लोगों के इस अगाध प्रेम से भावुक हुए कमलसिंह ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में तैनाती के दौरान




उन्हें हमेशा अपनी मिट्टी व समाज की याद आती थी, लेकिन आज जो सम्मान उन्हें मिला है, वह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनके आगे आगे पहले से सेवानिवृत भारतीय सेना जवान मोटर साइकिल से चल रहे थे। नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहा पर प्रकाश चौहान मित्र मण्डली ,इंदर चौराहा पर अरविन्द बंसल मित्र मण्डली , बजरंग दल मित्र मण्डल , महर्षि पब्लिक स्कूल के सामने प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवनारायण दांगी , दिलीप राठौर , मां सरस्वती एकेडमी ने भावभीना स्वागत किया तत्पश्चात कोडक्या , बाड़गांव , लखोनी गांव होते हुए गांव देवरी पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने जोश हर्षोल्लास से स्वागत किया।

### एक बीघा की फसल जलकर हुई राख

# खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम धतरावदा में एक खेत में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते खेत में रखी फसल नष्ट हो गई। यह आग 33 केवी विधुत लाईन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे करीब एक बीघा में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि धतरावदा निवासी गिरधारीलाल गुर्जर के खेत में कटी हुई गेहूं की फसल रखी थी। पास ही करण सिंह गुर्जर के खेत में रखा गेहूं का भूसे



और करीब 20 पाइप छड़ी 33 केवी विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

# महादेव मित्र मंडल की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सत्य अटल है उसे झुठलाया नहीं जा सकता। संस्था धार्मिक, सामाजिक कोई भी हो या राजनीतिक प्रत्येक क्षेत्र में महादेव मित्र मंडल के सदस्य नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। यह बात मुख्य अतिथि नगर के प्रबुद्धजन पंडित प्रेम शंकर पांडे, साहित्यकार पंडित सत्यनारायण शर्मा काका , पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी ने स्थानीय महादेव मित्र मंडल द्वारा शनिवार रात्रि को वटकेश्वर महादेव मंदिर मे संगठन विस्तार विषय को लेकर आयोजित बैठक में कहीं। बैठक का शुभारंभ महादेव का स्मरण करते हुए जय घोष के साथ किया। इस अवसर पर




मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर के अध्यक्ष छठवीं बार सर्वसम्मति से निर्वाचित महादेव मित्र मंडल के वरिष्ठ सलाहकार लक्ष्मी नारायण त्रिकार का एवं सर्व ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित , मंडल के ही सदस्य आशुतोष वैद्य का महादेव मित्र मंडल की ओर से साफा एवं दुपट्टा एवं शाल पहना कर पुष्प माला से सम्मानित किया। यहां उल्लेखनीय है सम्मान व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का होता है। इस दौरान मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया ने बताया हमें गर्व है कि हमारे मंडल के सदस्य अन्य संस्थाओं का नेतृत्व करते हुए समाज सेवाएं कर रहे हैं। संगठन के ही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला ने बताया एक अच्छा मजबूत संगठन स्पष्ट भूमिका मजबूत संचार और बेहतर समन्वय के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।संगठन विस्तार एवं मजबूती को लेकर वरिष्ठ सलाहकार त्रिकार ने कहा युवाओं को पूर्ण ऊर्जा और कर्तव्य निष्ठा से आगे आना होगा बैठक में कार्यों की समीक्षा हो, कमियों को बताए ताकि वह दूर हो सके। पूर्व अध्यक्ष संजय विजयवर्गी ने संगठन में सहयोगात्मक भावना का होना जरूरी है।

# बेजुबानों के लिए महिलाओं ने बांटे पानी रखने सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के विजयवर्गीय समाज की महिलाओं के द्वारा गर्मियों को ध्यान में रखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए वितरित करवाए गए सकोरे(जलपात्र)। नगर एवं जिले के सभी व्यक्तियों से आव्हान किया गया की आप भी इस दिशा में सार्थक कदम उठाए।।